भाकृअनुप-राष्ट्रीय उच्च सुरक्षा पशुरोग संस्थान, भोपाल

विश्व मृदा दिवस (05 दिसंबर 2018)

भाकृअनुप-राष्ट्रीय उच्च सुरक्षा पशुरोग संस्थान, भोपाल में दिनांक 05 दिसंबर 2018 को विश्व मृदा दिवस मनाया गया । इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों के 140 किसान एवं पशुपालक उपस्थित रहे । इस कार्यक्रम में संस्थान के निदेशक डॉ. वी.पी. सिंह ने किसानों को मृदा स्वास्थ्य का कृषि एवं पशुपालन पर प्रभाव विषय पर प्रकाश डाला । मृदा स्वास्थ्य एवं पर्यावरण संबंधी तकनीकि जानकारी देने के लिए भाकृअनुप - भारतीय मृदा विज्ञान संस्थान, भोपाल के मृदा विज्ञान विशेषज्ञ डॉ. मुनेश्वर सिंह उपस्थित थे । संस्थान के प्रधान वैज्ञानिक डॉ. एच.वी. मुरूगकर ने मृदा स्वास्थ्य का पशु स्वास्थ्य एवं पशु उत्पादन में महत्व पर अपना व्याख्यान दिया । कार्यक्रम में उपस्थित किसानों ने अपनी कृषि समस्याओं से अवगत कराया तथा स्वस्थ मृदा के माध्यम से कृषि एवं पशुपालन को लाभकारी बनाने के लिए तकनीकी जानकारी प्राप्त की । इस अवसर पर संस्थान के सभी वैज्ञानिक, प्रशासनिक एवं तकनीकी अधिकारी, कर्मचारी, संविदा कर्मचारी, शोध सहायक, तथा छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे । कार्यक्रम का संचालन डॉ. फतेह सिंह, वैज्ञानिक ने किया ।

*****